हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 22 मार्च 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 26.2 डिग्री

4
पूंजीपथरा में दस घंटे तक लगा रहा जाम, हर रोज परेशान हो रहे लोग



## वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे पर दंत रोग विशेषज्ञों ने दी सेवाएं
# जिला व विकासखंड स्तर पर मुख स्वास्थ्य संबंधी वृहद जन जागरुकता




वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे मनाने पहुंचे मरीज।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर के निर्देशन व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में बुधवार को राष्ट्रीय मुख्य स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस का आयोजन जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में किया गया। इसमें मेगा डेंचर कैम्प अंतर्गत जशपुर जिले के 83 जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क 50 पूर्ण व 33 आंशिक डेंचर का विवरण जिला एवं विकासखंड स्तर पर किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत दंत रोगियों के लिए 20 मार्च का दिन खास रहा।

जिला चिकित्सालय व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 20 मार्च को वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे मनाया गया। जिसके तहत जिला व विकासखंड स्तर पर मुख स्वास्थ्य संबंधी वृहद जनजागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध लेखन के साथ साथ दंत रोग विशेषज्ञ सह जिला नोडल अधिकारी डॉ.अभिषेक श्रीवास्तव एवं समस्त विकासखंड में सेवा दे रहे दंत चिकित्सकों के द्वारा अपने अपने विकासखंड में निःशुल्क दंत रोग जांच शिविर व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर उपस्थित जनसमुदाय एवं स्कूली बच्चों को दंत रोग के संबंध विस्तार से जानकारी देते हुए इसके रोकथाम एवं बचाव के संबंध में ज्ञानवर्धक जानकारी साझा किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला डॉक्टर चिकित्सालय के डॉ प्रिया प्रिंसेस, मनोर विकासखंड से डॉ कांति प्रधान, लोदाम से डॉ अशोक लकड़ा, दुलदुला से डॉ अभिषेक श्रीवास्तव, कुनकुरी से डॉ निरंजन भगत, फरसाबहार से डॉ अमित जायसवाल, पत्थलगांव से डॉक्टर आशीष अग्रवाल बगीचा से डॉ संध्या कुजूर, कांसाबेल से डॉ गीतिका कुजूर एवं समस्त दंत सहायकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### खबर संक्षेप

### बच्चों में फाईलेरिया ज्ञात करने होगा रात्रि कालीन सर्वे

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत डब्ल्यूएचओ के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशानुसार जिला के फाईलेरिया प्रभावित क्षेत्र में 5 से 9 साल के बच्चों में फाईलेरिया ज्ञात करने रात्रिकालीन सर्वे 20 से 28 मार्च 2024 तक चयनित ग्राम मनोरा विकासखण्ड के कांटाबेल, जशपुर विकासखण्ड के भुड़केला, पत्थलगांव विकासखण्ड के बागबहार एवं शहरी पत्थलगांव, दुलदुला विकासखण्ड के दोतीमारा, कुनकुरी विकासखण्ड के नोनपानी, फरसाबहार विकासखण्ड के सिंगीबहार और बगीचा विकासखण्ड के कोपा में रात्रि 8.30 से 12 बजे तक किया जाएगा। रात्रिकालीन माइक्रोफाईलेरिया सर्वे के दौरान फाईलेरिया के सकारात्मक पाए गए प्रकरणों के परिवार के सभी सदस्यों तथा आस-पास के 50 घरों में रात्रिकालीन सर्वे किया जाएगा। सकारात्मक पाये जाने पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा 12 दिवस तक डीईसी की गोली खिलाई जाएगी।

### पेट्रोल-डीजल का सुरक्षित भण्डार रखने के निर्देश

**जशपुरनगर।** लोकसभा निर्वाचन वर्ष 2024 की आचार संहिता लागू हो जाने के कारण चुनाव कार्य के सुचारू रूप से संचालन हेतु पेट्रोल-डीजल पंपों में आवश्यकता अनुसार पेट्रोल-डीजल का रिजर्व स्टॉक संधारित करने के संबंध में कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने छग मोटर स्पिरिट तथा हाई स्पीड डीजल ऑयल अनुज्ञापन तथा नियंत्रण आदेश 1980 की कंडिका 10 में प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए जिले के सम्पूर्ण डीजल-पेट्रोल पंप अनुज्ञप्तिधारियों को उनके पेट्रोल-डीजल पंप में 2000 लीटर डीजल तथा 1000 लीटर पेट्रोल का सुरक्षित भण्डार बनाये रखने हेतु आदेशित किया है।

### करंट की चपेट में आने से मजदूर की हुई मौत

**जांजगीर-चांपा।** करंट की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई है। हादसा पामगढ़ थाना अंतर्गत कोसिर गांव के सब स्टेशन में हुआ है। मृतक का नाम हीरामन कश्यप है,जो बीती रात बिजली सुधारने के लिए खंबे पर चढ़ा हुआ था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद कोसिर गांव के ग्रामीण आक्रोशित हो गए और सब स्टेशन का घेराव कर दिया। ग्रामीणों की मांग है कि मृतक के परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए।

### देवरी में तूफान से टूटा छत, बाल बाल बचे बच्चे

**जांजगीर-चांपा।** अकलतरा तहसील के ग्राम देवरी में मंगलवार 19 मार्च को आए आंधी-तूफान और बारिश से एक किसान के घर की छत टूट गई। छत का कुछ हिस्सा घर में सो रहे लोगों पर भी गिरा, जिससे उन्हें मामूली चोट आई है। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई है। घटना में घर के अंदर रखे 5 लाख रुपए से अधिक के सामान का नुकसान हुआ है। किसान ने प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए पटवारी को आवेदन दिया है, साथ ही कलेक्टर से भी मुआवजे की गुहार लगाई है। जांजगीर-चांपा जिले में पिछले 2 दिनों से तेज हवाओं के साथ लगातार बारिश हो रही थी, जिससे जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया।

### ध्वनि विस्तारक यंत्रों का लगा प्रतिबंध

**जांजगीर-चांपा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा किये जाने से आचार संहिता प्रभावशील हो गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने श्री आकाश छिकारा ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 4 के तहत रात्रि 10 से प्रातः 06 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का चलाया जाना अथवा चलवाया जाना पूर्ण रूप से निषिद्ध किया है।

### सार्वजनिक जगह पर खिला रहा था सट्टा, पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

**फगुरम।** सार्वजनिक जगह पर सट्टा पट्टी खिलाने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं उसके कब्जे से कागज, पेन व नगदी को बरामद किया है। मामला फगुरम चौकी क्षेत्र का है। इस संबंध में फगुरम चौकी से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक सक्ती सुश्री अकिता शर्मा द्वारा जिले के थाना एव चौकी क्षेत्र में अवैद्य शराब, जुआ, सट्टा पर लगातार प्रभावी कार्यवाही के लिए निर्देश दिए थे। इसी के तहत चौकी फगुरम प्रभारी उप निरीक्षक भुपेन्द्र चन्द्रा के द्वारा लगातार अवैद्य शराब एव सट्टा के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। 20 मार्च को सउनि श्रवण चौहान को दौरान पेट्रोलिंग जरिये मुखबीर सुचना मिली कि ग्राम फगुरम निवासी लक्ष्मी कुमार बंजारे पिता स्व. शिवनाथ बजारे उम्र 38 साल अपने घर के सामने सार्वजनिक स्थान पर नगदी रकम का दाव लगाकर कागज पेन का उपयोग कर सट्टा पट्टी लिख रहा है। आरोपी लक्ष्मी कुमार बजारे पिता स्व शिवनाथ बजारे उम्र 38 साल निवासी फगुरम के घर में दबिश दी गई। जहां एक सफेद रंग का पेपर सट्टा पट्टी लिखा हुआ। 1 नग नीला स्याही का डाट पेन नगदी रकम 980 रुपए को बरामद किया गया। आरोपी के द्वारा जप्त सट्टा पट्टी के सबंध मे कोई वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत नही कर पाने पर उक्त एक सफेद रंग का पेपर सट्टा पट्टी लिखा हुआ व नगदी 980 रुपए सहित आरोपी को पकड़ा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# तस्कर गिरफ्तार, 60 हजार रुपए का गांजा जब्त

■ पुलिस की लगातार कार्रवाई का परिणाम

**जशपुरनगर।** पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा जिले में नशे के विरुद्ध एवं अन्य अवैध गतिविधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर त्वरित कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है उक्त निर्देश के परिपालन में ए स डी ओ पी पत्थलगांव ध्रुवेश कुमार जायसवाल एवं प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी पत्थलगांव भानुप्रताप चंद्राकर द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी तारतम्य में 20 मार्च को थाना पत्थलगांव को मुखबीर से सूचना मिला कि बस स्टैंड पत्थलगांव में एक व्यक्ति अपने पास भारी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा को रखा है, उसे तस्करी करते हुए अपने क्षेत्र की ओर ले जा रहा है। इस सूचना पर तत्काल एसडीओपी पत्थलगांव एवं थाना प्रभारी पत्थलगांव द्वारा तत्काल हमराह स्टाफ मय गवाहान के घेराबंदी कर बस स्टैण्ड पत्थलगांव प्रतीक्षालय के पास आरोपी भीम प्रजापति उम्र 45 वर्ष साकिन गंगापुर, थाना लुण्ड्रा जिला सरगुजा (छग) को पकड़कर उससे गांजा रखने के संबंध में पूछताछ कर तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 5.840 किग्रा मादक पदार्थ गांजा कीमती करीबन 60,000 (साठ हजार) रूपये का मिलने पर उसे जप्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना पत्थलगांव में अपराध क्रमांक 68/2024 धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्यावाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपी की गिरफ्तारी में टोपी पत्थलगांव ध्रुवेश जायसवाल, पुलिस अधीक्षक भानुप्रताप चन्द्राकर, शिरद साय पैंकरा नशीरूद्दीन अंसारी, अनंत मिराज, मिथलेश यादव आशीषन प्रभात टोप्पो, ताराचन्द्र मिरेन्द्र, पदुम वर्मा, तुलसी रात्रे, शैलेन्द्र सिंह, पवन पैंकरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# गुरु-शिष्य रिश्ते को कलंकित करने वाले आरोपी शिक्षक की जांच अधूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शासकीय हाई स्कूल घटमुंडा विकासखंड कुनकुरी के चरित्रहीनता का बहुचर्चित मामला सरपंच व  सैकड़ों महिलाओं द्वारा कलेक्टर से की गई थी। लिखित शिकायत के फलस्वरूप कलेक्टर ने 7 मार्च 2024 को तत्काल प्रभाव से तीन सदस्यीय जांच दल गठित कर वर्तमान पदस्थापना से आरोपी शिक्षक बिहानु राम खलखो को दूरस्थ शासकीय हाई स्कूल ढेंगनी विकासखंड मनोरा अस्थाई रूप से कार्य करने आदेशित किया है। ताकि मामले की जांच पारदर्शिता के साथ की जा सके। छेड़छाड़ सहित 20 रुपए के स्टांप पेपर पर द्वितीय पत्नी रखने के आरोप का भी पारदर्शिता से जांच की जा सके। बिहानू राम खलखो पूर्व में बछराव विकासखंड बगीचा में कार्यरत था, यहां भी छात्रा से छेड़छाड़ और अश्लील हरकतों की शिकायत हुई थी। इस संबंध में ग्राम पंचायत घटमूंडा और सैकड़ों महिलाओं द्वारा अपने शिकायत आवेदन पत्र में उल्लेखित किए हैं।

### तीन सदस्यीय जांच दल

बिहानू राम खलखो के कृत्य की शिकायत जिला पंचायत अध्यक्ष जशपुर को भी की गई है। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही किए जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है। तत्पश्चात कलेक्टर द्वारा विश्वास राय मस्केय डिप्टी कलेक्टर जशपुर, लक्षण शर्मा बीइओ जशपुर, सुश्री पुष्पा इंदवार प्रभारी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पतराटोली जशपुर के द्वारा उक्त जांच समिति प्रकरण का संयुक्त रूप से जांच कर जांच प्रतिवेदन कलेक्टर को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया गया था। बावजूद इसके आज तक उपरोक्तानुसार प्रकरण लंबित और विचाराधीन है। जिसके कारण ग्राम घटमुंडा विकासखंड कुनकुरी के शिकायतकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। जांच लगभग पूरी हो चुकी है अब फाइनल रिपोर्ट बनाने के बाद शिक्षक के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# शैक्षिक गुणवत्ता के लिए विनोबा भावे कार्यशाला का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर




कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी व कर्मचारी।

कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता उन्नयन के लिए ओपन लिंक फाऊंडेशन पुणे के द्वारा संकल्प शिक्षण संस्थान में विनोबा भावे शिक्षक सहायता कार्यशाला का समापन किया गया। कार्यशाला में विनोबा कार्यक्रम को लेकर पुणे से आए सीईओ विश्वजीत पवार ने विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह पहल जिला प्रशासन को निपुण भारत, नवजतन और यशस्वी जशपुर जैसे प्रमुख शिक्षण कार्यक्रमों के संचालन में मदद करेगी। इसको लेकर शिक्षकों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के कार्यों में समय बचाने के उद्देश्य से जशपुर जिला प्रशासन और ओपन लिंक फाउंडेशन के बीच विगत महीने से ही लगातार चर्चा हो रही थी। आज कार्यशाला में जिले के सभी विकासखण्डो में विनोबा एप में शिक्षकों के पंजीकरण और उपयोग के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इसका उद्देश्य शिक्षकों के काम को सरल बनाकर और उनका समय बचाकर सीखने के परिणामों में बड़े पैमाने पर सुधार करना है। यह कार्यक्रम शिक्षकों को अपने स्कूलों की सर्वोत्तम गतिविधियों को एक-दूसरे के साथ साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करता है । शिक्षा में नवाचार लाने, शिक्षकों के कार्य को सुविधाजनक बनाने, शैक्षिक कार्यों तथा शिक्षकों के द्वारा नई गतिविधियों को साझा करने और शिक्षकों को एकेडमिक सहायता प्राप्त करने के लिए विनोबा कार्यक्रम का क्रियान्वयन जिले में किया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से नियमित रूप से ब्लॉक एवं जिला स्तर पर शिक्षकों द्वारा किए गए अच्छे कार्यों की पहचान करना और उन्हें प्रोत्साहित करना आसान होगा। कार्यशाला में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद भटनागर ने कहा कि सभी के सहयोग से जशपुर जिला बेहतर कार्य करेगा तथा हाई और हायर सेकंडरी विद्यालयों की तरह ही प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक स्तर पर भी बेहतर परिणाम प्राप्त होगा।

# होली त्यौहार के दौरान पेड़ काटे जाने पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा ।** होली त्यौहार के दौरान ग्रामीण क्षेत्रो में बडे पैमाने पर हरे भरे पेडो की कटाई कर देते है। जिससे पर्यावरण का संतुलन बिगडता है। इस पर कार्यवाही को लेकर विभाग का अमला अलर्ट मोड पर आ गया है। पेड काटते पकडे जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

गौरतलब है कि जांजगीर चाम्पा एंव सक्ती जिले में महज 4 फिसदी वन परिक्षेत्र है। ऊपर से जो पेड लगे हुए है। उन पेडो की अंधाधुध कटाई भी कर दी जाती है। इधर होली त्यौहार को देखते हुए कई असामाजिक तत्वो के लोग हरे भरे पेडो की कटाई कर देते है। इसे लेकर वन विभाग का अमला मुस्तैद हो गया है। रविवार 24 मार्च को होलिका दहन एंव सोमवार 25 मार्च को रंगो का त्यौहार होली उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। इस दौरान ग्रामिण एंव शहरी क्षेत्रो में रहने वाले कई लोग हरे भरे पेडो को काटकर उसे होलिका में रख देते है। इस दौरान हरे पेड ना जलते है। ब्लकि आसपास के वातावरण को भी प्रदुषित करते है। इसे देखते हुए हरे भरे पेडो के काटने की जानकारी मिलने के दौरान उस पर कार्यवाही भी की जाएगी। जांजगीर एंव सक्ती जिले में वन परिक्षेत्र अत्यंत सिमित है। जंगल के क्षेत्रो में जहां सागौन, साल, सराई वही ग्रामिण क्षेत्रो के खेतो में अर्जुन, बबुल, नीम, आम सहीत अन्य तरह के पेड है। जंगल क्षेत्र में रहने वाले कई असामाजिक तत्वो के लोग बेशकिमती पेडो को काटकर आग के हवाले कर देते है। ऐसे में काटते पाए जाने पर कडी कार्यवाही का प्रावधान बनाया गया है। इसी प्रकार ग्रामिण क्षेत्रो में होलिका दहन करने के नाम पर पेडो की कटाई कर देते है। इस पर कार्यवाही को लेकर राजस्व एंव वन विभाग का अमला मुस्तैद हो गया है। इधर होली त्यौहार को देखते हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में लकडी इकठठा करने का काम शुरू कर दिया गया है।



### होली त्यौहार को लेकर बंद रहेंगी जिले की मदिरा दुकानें

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने होली पर्व पर 25 मार्च को शुष्क दिवस घोषित किया है। होली के अवसर पर जांजगीर-चाम्पा जिले में स्थित सभी प्रकार की मदिरा दुकानें अर्थात देशी मदिरा सी.एस.2 देशी मदिरा सी.एस.-2 , विदेशी मदिरा एफ.एल.1 (घघ) एवं भण्डारण भाण्डागार जांजगीर को 24 मार्च को समय अवधि पश्चात बन्द करने एवं सोमवार 25 मार्च को पूर्णतः बन्द रखने का आदेश जारी किया गया है।



शांति समिति की बैठक में उपस्थित नागरिक व पुलिस अधिकारी।

# शांति समिति की बैठक में कानून व्यवस्था बनाए रखने का निर्णय

■ एसडीओपी, तहसीलदार सहित टीआई हुए शामिल

**जशपुरनगर।** आगामी त्यौहारों को देखते हुए थाने में गुरूवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में कानून व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा की गई। बैठक में पुलिस विभाग एडीओपी, तसीलदार जशपुर, नायब तहसीलदार, टीआई जशपुर एवं शहर के सभी समुदाय के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। बैठक में सभी नागरिकों से कानून-व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग की अपील की गई। शहरवासियों से कहा कि शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने में अपना योगदान दें। प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जिले में भाईचारे और शांति का नया कीर्तिमान स्थापित करें। बैठक दौरान शहर की बुनियादी व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

## शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण
# छात्र-छात्राओं ने किया ग्रामीण समस्याओं का अध्ययन

**जशपुरनगर।** शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को अपने प्रोजेक्ट व लघु शोध प्रबन्ध कार्य लिए ग्राम कस्तूरा का शैक्षणिक भ्रमण कर वहां के बारे में संपूर्ण जानकारी एकत्र की।

ग्राम पंचायत कस्तूरा के सरपंच से मिलकर वहां के सामाजिक समस्याओं को जानने का प्रयास किया। साथ में शारदा धाम के संस्थापक के माध्यम से वहां की सामाजिक समस्या और वहां चल रही गतिविधियों के बारे में छात्र-छात्राओं ने जानकारी प्राप्त की। इस दौरान दुरांचल ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की समस्या, युवाओं में नशापन की समस्या, मनरेगा की जानकारी और विभिन्न प्रकार के विषयों के बारे में जानकारी एकत्र कर उस विषय में गहनता पूर्वक अध्ययन किया। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने वनभोज के माध्यम से आपसी सहयोग एवं समरसता का परिचय दिया। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को अपने प्रोजेक्ट एवं लधु शोध प्रबन्ध के कार्य को पूरा करना था। छात्र-छात्राओं ने अपने अध्ययन एवं सर्वेक्षण से इस इस बात का पता लगाया, कि इस गांव में सामाजिक समरसता एवं गांव के सामाजिक बुराईयों को समाप्त करने में ग्रामीण एकमत हैं। छात्र-छात्राओं ने अपने कार्य को बखूबी निभाया। यह शैक्षिणिक भ्रमण कालेज के प्राचार्य के दिशा निर्देश पर किया गया।



शैक्षणिक भ्रमण के दौरान उपस्थित छात्र- छात्राएं।

# नाबालिग के साथ अनाचार करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

**जांजगीर-चांपा ।** नाबालिग के साथ अनाचार करने वाले आरोपी को न्यायालय द्वारा पाक्सो एक्ट धारा 6 के अपराध के लिए आजीवन कारावास अर्थात शेष प्राकृत जीवन काल तक एवं 10 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। उक्त फैसला विशेष न्यायाधीश पाक्सो शैलेन्द्र चौहान ने सुनाया। विशेष लोक अभियोजक, पास्को चंद्रप्रताप सिंह के बताये अनुसार 12 अप्रैल 2023 को पीडिता की मां ने थाना चांपा में लिखित रिपोर्ट इस आधार पर पेश किया कि उसकी नाबालिग लडकी उम्र 5 वर्ष कक्षा नर्सरी में पढ़ती है। 11 अप्रैल की रात्रि 7.30 बजे घर पर बताई कि उसी दिनांक को शाम लगभग 5.45 बजे चिमन लाल देवांगन उसे चाकू दिखाकर डरा धमकाकर घर के पीछे कोला में बने सेफटिक के अंदर ले गया और अनाचार किया। पीडित की मां की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध थाना जांजगीर में धारा 376, 506 6 पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया तथा विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## नए जेम्स बॉन्ड पर लग गई मुहर ? इस अभिनेता के नाम पर चर्चा का बाजार गर्म



जेम्स बॉन्ड को लेकर इंटरनेट पर चर्चाओं का बाजार गर्म है। कई मीडिया रिपोर्ट्स के दावों के मुताबिक एरोन टेलर-जॉनसन अगले जेम्स बॉन्ड के रूप में पर्दे पर नजर आएंगे। एक ब्रिटिश टैबलॉयड में छपी रिपोर्ट की मानें तो वे सबसे प्रतिष्ठित पात्रों में से एक जेम्स बॉन्ड के किरदार को निभाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करने से बस एक कदम दूर हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि टेलर-जॉनसन को औपचारिक रूप से इस किरदार को निभाने की पेशकश की गई है और आने वाले दिनों में वे इस अनुबंध पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। फिल्म जेम्स बॉन्ड के निर्माता ईओएन प्रोडक्शंस ने रिपोर्ट पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

ईओएन के एक सूत्र ने डेडलाइन को स्पष्ट रूप से बताया कि जेम्स बॉन्ड के रूप में डैनियल क्रेग की जगह कौन ले रहा है, इसकी जानकारी कुछ समय बाद ही सामने आ सकेगी। वहीं इन रिपोर्ट्स का टेलर जॉनसन ने भी अब तक खंडन नहीं किया है, जिससे अफवाहों का बाजार और अधिक गर्म हो गया है। इस बारे में बात करते हुए अभिनेता ने एक साक्षात्कार में बताया था, "मुझे यह अद्भुत और आकर्षक लगता है कि लोग मुझे उस भूमिका में देखते हैं। मैं इसे एक बड़ी प्रशंसा के रूप में लेता हूं।" बता दें कि इसी महीने ही एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया था कि जेम्स बॉन्ड बनने की रेस में ऑस्कर विजेता किलियन मर्फी भी शामिल थे।

### टालीवुड


## भारी सुरक्षा के बीच पुष्पा-2 के सेट पर पहुंचीं रश्मिका, दिखा फर्स्ट लुक



'एनिमल' की बंपर बॉक्स ऑफिस सफलता के बाद रश्मिका मंदाना अपनी आगामी फिल्म 'पुष्पाः द रूल' को लेकर जबरदस्त सुर्खियों में हैं। यह फिल्म 'पुष्पाः द राइज' की सीक्वल है। फिल्म से सामने आए अल्लू अर्जुन के पोस्टर ने फैंस के उत्साह को बढ़ाया हुआ है। साथ ही फिल्म से जुड़ा हर एक अपडेट हेडलाइंस का हिस्सा बन रहा है। इसी बीच रश्मिका मंदाना भारी सिक्योरिटी के बीच 'पुष्पा 2' के सेट पर पहुंचती नजर आई हैं। अभिनेत्री का वीडियो सोशल मीडिया पर ताबड़तोड़ वायरल हो रहा है। रश्मिका मंदाना को उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'पुष्पाः द रूल' के सेट पर देखा गया। एक मंदिर के बाहर लाल साड़ी पहने अभिनेत्री का वीडियो वायरल हो गया है। भारी सुरक्षा के बीच सेट पर पहुंचतीं रश्मिका वीडियो में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। वीडियो में अभिनेत्री की एक झलक पाने के लिए फैंस को भी इकट्ठा होते देखा जा सकता है। जानकारी हो कि फिल्म में रश्मिका अपनी श्रीवल्ली की भूमिका को दोहरा रही हैं, जिसने अल्लू अर्जुन द्वारा निभाए गए किरदार पुष्पराज से शादी की थी। ऐसा कहा जाता है कि सीक्वल उनकी शादी के बाद के जीवन पर केंद्रित है। कथित तौर पर लीक हुआ फुटेज आंध्र प्रदेश के यागंती मंदिर परिसर का है। पैन इंडिया फिल्म 'पुष्पाः द रूल' वैश्विक स्तर पर धमाल मचाने को तैयार है। फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म 'पुष्पाः द राइज' थी, जो सुकुमार द्वारा निर्देशित एक एक्शन एंटरटेनर थी। फिल्म 17 दिसंबर, 2021 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। 'पुष्पाः द राइज' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। वहीं 'पुष्पा 2' 15 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है। रश्मिका मंदाना के वर्कफ्रंट की बात करें तो जल्द ही विक्की कौशल के साथ फिल्म 'छावा' में नजर आने वाली हैं। कथित तौर पर, यह फिल्म एक ऐतिहासिक ड्रामा है जो छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर केंद्रित है। इसके अलावा रश्मिका की झोली में 'एनिमल' फिल्म की सीक्वल 'एनिमल पार्क' भी है।

### भोजपुरी

## महादेव का गोरखपुर रिलीज होगी एक साथ 5 भाषाओं में



भोजपुरी फिल्म स्टार एवं सांसद रवि किशन की बहुचर्चित और बहुप्रतिक्षित फिल्म महादेव का गोरखपुर आगामी 29 मार्च को भोजपुरी सहित पांच भाषाओं में प्रदर्शित होने जा रही है। राजेश मोहनन द्वारा निर्देशित एवं प्रितेश शाह, सलिल संकरण द्वारा निर्मित यह फिल्म भोजपुरी के साथ ही हिन्दी, तेलगू, तमिल, कन्नड भाषा में देश ही नही विदेशों में भी यह रिलीज होने जा रही है। रवि किशन का जबरदस्त किरदार दर्शकों को देखने को मिलेगा। फिल्म 'महादेव का गोरखपुर' में अभिनेता रवि किशन का दो लुक नजर आयेगा। जिसमें से एक लुक में वह रौद्र रूप में महादेव के अंश के रूप में दिखेंगे। तो दूसरे लुक में पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आयेंगे। जिसकी झलक रिलीज टीजर में देखी जा सकती हैं।फिल्म में दो कालखंड की कहानी हैं।साल 1727 की घटना का जिक्र किया गया हैं।जिसमें मुजफ्फर खान के हमले का जिक्र है। अभिनेता और सांसद रवि किशन स्वयं महादेव के भक्त हैं।वह कहते हैं, फिल्म 'महादेव का गोरखपुर' एक शानदार फिल्म बनी हैं। इस फिल्म में महादेव शिव जी की जिस भव्यता और आस्था कसाथ स्तुति की गई है। वह अकल्पनीय है,ऐसा वर्णन पहले किसी फिल्म में नहीं हुआ है। महादेव जी ने मुझे इस फिल्म के लिए मुझे चुना है,यह मेरे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है।उम्मीद हैं दर्शकों का भरपूर आशीर्वाद और प्यार सिनेमाघरों में देखने को मिलेगा। फिल्म 'महादेव का गोरखपुर' का निर्माण रवि किशन ने प्रितेश शाह और सलिल संकरण के साथ किया है।फिल्म का निर्देशन राजेश मोहनन ने किया है ।




स्लीपिंग ब्यूटी का जलवा

बहुप्रतीक्षित फैशन शो मेट गाला 2024 की थीम का खुलासा हो गया है। 'स्लीपिंग ब्यूटीज़' पर आधारित न्यूयार्क के इस फैशन शो में ब्लेक लिवली से लेकर गीगी हदीद तक मौजूद रहेंगे। फैशन की दुनिया में मेट गाला में सर्वश्रेष्ठ फैशन कार्यक्रम देखने के लिए प्रशंसक एक साल तक इंतजार करते हैं। यह फिल्मी सितारों का एक ऐसा शो बन गया है जिसमें अभिनेता, गायक और अन्य सहित हॉलीवुड सेलेब्स शामिल होंगे।


## शरीर पर हो रही है खुजली तो नहाने के पानी में मिलाएं ये चीजें

जैसे-जैसे मौसम बदल रहा है, वैसे-वैसे शरीर पर कई तरह के बदलाव दिखाई देने लगे हैं। इस मौसम में बहुत से लोगों की त्वचा पर खुजली की समस्या होने लगती है। वैसे तो इस परेशानी के लिए बाजार में कई तरह के प्रोडक्ट मिल जाते हैं, लेकिन बहुत से लोगों को बाजार में मिलने वाले इन प्रोडक्ट पर भरोसा नहीं होता। ऐसे में वो घरेलू चीजों का इस्तेमाल करके इस परेशानी से छुटकारा पाना चाहते हैं।

अगर आप भी उन्हीं लोगों में से हैं, जिन्हें घरेलू नुस्खों पर भरोसा है तो ये लेख आपके लिए है। इस लेख में हम आपको शरीर की खुजली दूर करने के लिए कुछ घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, ताकि आप भी बिना ज्यादा पैसे खर्च किए इस परेशानी से राहत पा सके। इन नुस्खों को अपनाने के लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। तो चलिए इसके बारे में जानते हैं।

### नीम के पत्ते

भारत के हर गली-मोहल्ले में आपको नीम का बड़ा सा पेड़ दिख ही जाएगा। इसकी पत्तियां कई मामलों में काफी मददगार रहती हैं। खासकर अगर बदलते मौसम में आपको खुजली परेशान कर रही है, तो आप नहाने के पानी में नीम की पत्तियां डाल



सकते हैं।

### ऐसे करें इस्तेमाल

नीम में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-माइक्रोबियल गुण पाए जाते हैं। ऐसे में नीम की पत्तियों का इस्तेमाल नहाने के पानी में करने के लिए आपको नीम के पत्तों को पीसकर इसका अर्क निकालना है। अब इस अर्क को आप नहाने के पानी में डाल सकते हैं। कुछ ही दिन में आपको इसका असर दिखने लगेगा।

### सिरका

अगर आपके घर पर सेब का सिरका है, तो भी आप शरीर की खुलजी से राहत पा सकते हैं। इसमें पाए जाने वाले तत्व कुछ ही दिनों में आपको शरीर की खुजली से राहत दिला सकते हैं।

### ऐसे करें इस्तेमाल

सेब का सिरका इस्तेमाल करने के लिए आपको बस नहाने का पानी लेना है और उसमें 2 ढक्कन सेब का सिरका यानी एप्पल साइडर विनेगर डालना है। अब इसे अच्छी तरह से मिलाकर इस पानी से नहाएं। ये आपको जरूर फायदा पहुंचाएगा।

### एंटी-बैक्टीरियल साबुन

आप इसका आसान विकल्प तलाश रहे हैं, तो बाजार में आपको तमाम तरह की एंटी-बैक्टीरियल साबुन मिल जाएंगी। जिनसे नहाकर भी आप इस परेशानी से छुटकारा पा सकते हैं। हालांकि कोशिश करें, कि पानी में सिरका या फिर नीम के पत्ते डालकर इसी का इस्तेमाल करें।

## ऑफिस में है होली पार्टी तो ऐसे आउटफिट पहनकर दिखाएं जलवा

फैशन



होली का त्योहार हर किसी के लिए बेहद खास होता है। इस दिन लोग एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर त्योहार की बधाई देते हैं। त्योहार के दिन हर जगह का माहौल काफी खुशनुमा होता है। होली के दिन जगह-जगह होली पार्टी का आयोजन होता है, जिसमें लोग मिलकर काफी एन्जॉय करते हैं।



इसी क्रम में कई दफ्तर भी ऐसे होते हैं, जो अपने कर्मचारियों के लिए होली पार्टी का आयोजन करते हैं, ताकि हमेशा काम करने वाले उनके कर्मचारी अपने लिए वक्त निकालकर थोड़ा खुश रह पाएं। होली पार्टी में दफ्तर का माहौल भी काफी खुशनुमा हो जाता है। इस दिन लोग रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर आते हैं, और एक साथ पार्टी का मजा लेते हैं।

अगर आपके दफ्तर में भी होली पार्टी है, लेकिन आपको समझ नहीं आ रहा कि पार्टी में क्या पहनें तो ये लेख आपके लिए है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे आउटफिट के बारे में बताएंगे, जिसे आप होली पार्टी में कैरी कर सकती हैं।

**शरारा सूटः** आजकल इस तरह का शरारा काफी आरामदायक रहता है। इसके साथ दुपट्टा नहीं होता। ऐसे में आप आसानी से इसे कैरी करके अपना खूबसूरत अंदाज दिखा सकती हैं। इसके साथ हैवी झुमके से अपना लुक कंप्लीट करें।

**अंगरखा सूटः** ऐसा अंगरखा सूट आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा। इसके साथ अपने बालों में आप पोनीटेल बना सकती हैं। इसके साथ गले में ऑक्सीडाइज नेकपीस पहन सकती हैं।

**साड़ी :** अगर साड़ी पहनना पसंद तो दफ्तर की होली पार्टी में साड़ी पहनकर अपना जलवा दिखाएं। अगर आपकी साड़ी सफेद रंग की होगी, तो इसका लुक और भी ज्यादा खूबसूरत दिखेगा।

**जींस और कुर्ता :** अगर ऐसा कपड़ा पहनना चाहती हैं, जो आरामदायक भी हो तो जींस के साथ कुर्ता पहनें। जींस में आप अपना मोबाइल भी रख सकती हैं। इसके साथ ही आप चाहें तो होली के प्रिंट वाला स्पेशल कुर्ता अपने लिए खरीद सकती हैं।

**अनारकलीः** अगर अनारकली सूट पहनने का मन है, तो आप इस तरह का शॉर्ट अनारकली कुर्ता चूड़ीदार पायजामी के साथ कैरी कर सकती हैं। इसके साथ दुपट्टा कैरी करना न भूलें। ये आपको खूबसूरत लुक देने का काम करेगा।

## अपने सिंपल से लुक को स्टाइलिश स्लीव की मदद से बनाएं खूबसूरत

साड़ी हो या सूट कभी-कभी इनके बोरिंग स्टाइल हमें अच्छे नहीं लगते, तो कभी ट्रेंड में रहने वाले स्टाइल जैसे- टिप नेक, वन-स्ट्रिप ब्लाउज को पहनने का माहौल नहीं होता। ऐसे में आप केवल अपनी ड्रेस की स्लीव्स को स्टाइलिश बनाकर एक आकर्षक लुक पा सकती हैं, क्योंकि स्लीव्स अगर थोड़ा ट्रेंडी हों तो पूरा लुक नया हो जाता है। आप इन्हें अपने बड़ों और रिश्तेदारों के सामने या पूजा-पाठ में भी आराम से पहन सकती हैं।

**बलून स्लीव्सः** इसकी स्लीव फ्री स्टाइल होती है, जो लास्ट में फिटेड बेल्ट से कंप्लीट हो जाती है। अगर आपके हाथ पतले हैं तो यह आपके लिए ही है। वैसे तो यह हर फैब्रिक पर चल जाती है, लेकिन ऑर्गेंजा फैब्रिक में यह एकदम क्लासी लुक देती है।

**फिट एंड फ्लेयरः** वेलवेट सूट में इस तरह की स्लीव्स बहुत सुंदर लगती हैं। इन्हें आप शादियों में पहन सकती हैं। इसे कोहनियों तक फिट किया जाता है और फिर एक फ्लेयर पैटर्न होता है।

**कॉउल और प्लीटेडः** अगर आप एथनिक स्टाइल में मॉडर्न लुक पाना चाहती हैं तो आपके लिए यह स्लीव स्टाइल बेस्ट है। इस पैटर्न में स्लीव्स प्लेटेड और लास्ट में फिटेड बेल्ट लगी होती है। मोटे




बाजू वाली महिलाएं शिफॉन या जॉर्जेट जैसे हल्के फैब्रिक में इस तरह की स्लीव्स बनवाएं तो बहुत सुंदर लगती हैं।

**सिंगल स्ट्रिपः** इस तरह की स्लीव्स सदाबहार हैं। ये सिंगल स्ट्रिप स्लीव्स होती हैं, इसलिए इनमें बाजू पूरी खुली रहती हैं। ये सूट, साड़ी और आपके एथनिक टॉप पर खूब फबती हैं। हेवी फैब्रिक, जैसे- बनारसी, सिल्क को ये मॉडर्न टच देती हैं। लेस वर्क

इसमें डबल लेस वर्क किया जाता है। आजकल कॉटन की जालीदार या क्रोशिया पर डिजाइन की गई लेस भी काफी ट्रेंड में है।

## अच्छे हेयर स्टाइल की समझें अहमियत, जरूर मिलेगी तारीफ

आपको गुड लुक्स देने में आपकी ड्रेस और स्किन केयर रूटीन का भी योगदान होता है। लेकिन इस बात को ये कहकर इग्नोर नहीं किया जा सकता है कि लोग सिर्फ कपड़ों को देखते हैं, स्किन, हेयर केयर या हेयर स्टाइल को नहीं। आपके मन में अगला सवाल पक्का यही आया होगा कि शादी सीजन में कैसे गुड लुकिंग दिखें? गुड लुकिंग दिखने की पहली शर्त आपकी शानदार हेयर स्टाइल है। अच्छी हेयर स्टाइल आपके पूरे लुक्स को ट्रांसफॉर्म कर सकती है।



### मीडियम लेंथ बालों के लिए हेयर स्टाइल

अगर आपके बाल मीडियम लेंथ के हैं और उनका टैक्स्चर भी स्मूथ है तो, आप फवाद खान के क्लासिक स्लीक बैक लुक को अपना सकते हैं। ये काफी पुराना लेकिन क्लासिक लुक है जो एथनिक वियर के साथ बेहतरीन तरीके से मिक्स एंड मैच किया जाता रहा है। हालांकि ये आपको पक्का करना होगा कि आपके बाल सही शेप में हों और उनकी केयर अच्छी तरह से की गई हो। अगर आप किसी खास डेट पर स्पेशल दिखना चाहते हैं तो कम से कम एक महीने पहले से किसी प्रोफेशनल की मदद लेना ठीक रहेगा।

### लंबे बालों के लिए हेयर स्टाइल

अगर आपके बाल लंबे हैं, तो आप शाहिद कपूर का स्टाइलिश मॉप लुक आजमा सकते हैं। आपको करना सिर्फ इतना है कि आपको अपनी साइड्स को ट्रिम करना है, सिर के टॉप पर बालों की लेंथ को अच्छा रखना है।

आप उन्हें हेयर वैक्स या पोमेड से एक साइड की तरफ कॉम्ब कर सकते हैं, और उसी हिसाब से स्टाइल भी कर सकते हैं। इस स्टाइल को थोड़े मेंटनेंस की आवश्यकता होती है, लेकिन यकीन कीजिए कि, इस हेयर स्टाइल को अपनाने के बाद आपका लुक पार्टी में सबसे बेहतर दिखेगा।

### विराट कोहली की फेड कट

अगर आप किसी ऐसी हेयर स्टाइल को मेंटेन करना चाहते हैं, जो कभी भी फेल न हो और ज्यादातर फेसकट पर अच्छी दिखे। मेरी सलाह यही है कि आप विराट कोहली की सिग्नेचर फेड कट को आजमाएं। जी हां, ये हेयर स्टाइल वाकई हर किसी पर अच्छी दिखती है। वो भी सिर्फ इसलिए क्योंकि ये फेड हेयर स्टाइल वाकई बेहद शानदार है। आप अपने सिर और चेहरे के शेप के हिसाब से साइड पर अलग-अलग लंबाई भी आजमा सकते हैं।

### कार्नर न्यूज

### लड़कों को अपनी स्टाइल का पूरा ध्यान रखना चाहिए, लोग करेंगे तारीफ

## टीशर्ट पहनते वक्त जरूर रखें इन बातों का ध्यान, तभी मिलेगा परफेक्ट लुक

*जिस तरह से लड़कियां अपने कपड़े से लेकर ज्वेलरी तक का खास ध्यान रखती हैं, ठीक उसी तरह से लड़के भी आजकल अपने स्टाइल का काफी ध्यान रखते हैं। ऑफिस से लेकर घूमने जाने तक के लिए वह स्टाइलिश कपड़े पहनना पसंद करते हैं। इसके लिए कई बार लड़के बॉलीवुड सेलिब्रिटी से भी टिप्स लेते हैं, पर कई बार ऐसा होता है कि टिप्स लेने के बाद भी लड़के कपड़ों को सही से कैरी नहीं कर पाते। ऐसे में आज आपको टी-शर्ट पहनकर परफेक्ट लुक पाने के लिए कुछ टिप्स बताएंगे। हालांकि टी-शर्ट पहनना काफी आसान है लेकिन फिर भी इसे पहनते वक्त कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। अगर आप टी-शर्ट पहनते समय कुछ बातों का ध्यान रखेंगे तो आपका लुक किसी हीरो से काम नहीं लगेगा।*



### सही हो फिटिंग

अगर आप पोलो टीशर्ट पहन रहे हैं, तो ध्यान रखें कि उसकी फिटिंग सही हो। अगर टीशर्ट ज्यादा ढीली होगी तो ये देखने में अजीब होगी, वहीं ज्यादा टाइट टीशर्ट आपके लुक को बिगाड़ सकती है। इसे पहनने से शरीर का आकार भी अजीब दिखता है।


### कॉलर करें सही से सेट

एक समय था जब ज्यादातर लड़के टीशर्ट के कॉलर को खड़ा रखते थे, लेकिन अब वक्त बदल गया है। आज के समय टीशर्ट का कॉलर सही से सेट किया हुआ ही अच्छा लगता है।

### बटन रखें बंद

टीशर्ट का परफेक्ट लुक पाने के लिए सिर्फ सबसे ऊपर वाला बटन खोल कर रखें। अगर आप सारे बटन खोलकर रखेंगे, तो ये देखने में काफी अजीब लगता है। खासतौर पर अगर आप दफ्तर जा रहे हैं, तो बटन का खास ध्यान रखें।





### टक इन करें या नहीं

अगर आपका पेट निकला हुआ है, तो कभी टीशर्ट को टकइन न करें। इससे पेट और अजीब दिखेगा। वहीं अगर आप एकदम फिट हैं, तो अपनी पसंद के हिसाब के टीशर्ट को टकइन कर सकते हैं।

### पॉकेट वाली टीशर्ट से रहें दूर

ज्यादातर टीशर्ट पर आगे की तरफ एक साइड पॉकेट लगी होती है। भले ही ये देखने में अच्छी लगती हो, लेकिन अगर आप इसे पहनेंगे तो आपका लुक खराब दिख सकता हैं। ऐसे में कोशिश करें कि जो टीशर्ट आप पहनने जा रहे हैं, उसमें जेब न हो।

21 March -Jash-RAGH-CORIY-JANJ- Bhoomi pg3_Layout 1 3/21/2024 7:46 PM Page 1





# 100वीं फिल्म में नरसंहार करेंगे मनोज बाजपेयी

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी की नई फिल्म 'भैया जी' का टीजर बुधवार, 20 मार्च को रिलीज हो गया है। और यकीन मानिए, यह ऐसी फिल्म लग रही है जिसका इंतजार करना भी मुश्कलि है। 'सत्या', 'शूल' और 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' में अपने इंटेंस एक्शन अवतार से खौफ पैदा करने वाले मनोज इस बार देसी एक्शन स्टार बनकर लौटे हैं। एक मिनट और 23 सेकेंड के इस टीजर में बहती हवाओं से लेकर उड़ती धूल तक में सिर्फ एक चीज है- भैया जी का खौफ। इस टीजर को शेयर करते हुए मनोज बाजपेयी ने इंस्टाग्राम पर लिखा है, 'अब निवेदन नहीं नरसंहार होगा। आ गई है भैय्या जी की पहली झलक।'



## लाइफ Style

# श्रद्धा कपूर

बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर सोशल मीडिया फ्रीक हैं और आए दिन सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। इसी वजह से वो सबसे पॉपुलर भारतीय इंस्टाग्रामर्स की लिस्ट में शामिल अभिनेत्री भी हैं। एक्ट्रेस अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ ही अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खबरों में बनी रहती हैं। हाल में ही एक्ट्रेस का वीडियो सामने आया जो हर किसी का ध्यान खींच रहा है।

## लगी जोर की भूख, मांगने लगीं फ्री में पिज्जा

एजेंसी ▶▶| मुंबई


'तू झूठी मैं मक्कार' एक्ट्रेस हाल में ही एक इवेंट में स्पॉट की गई थीं, जहां उन्हें जोर की भूख लग गई। फिर क्या था एक्ट्रेस ने वहीं खाने का इंतजाम करना शुरू कर दिया। अब आपको पूरा मामला बताते हैं। एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर बीती शाम एक इवेंट में पहुंची ही थीं कि उन्हें काफी भूख लगी। बाहर ही पिज्जा बंट रहे थे। एक्ट्रेस झट से वहां पहुंचीं और उन्होंने बिना संकोच पूछा कि अगर एक एक्स्ट्रा हो तो उन्हें दे दें। एक्ट्रेस ने पैपराजी के लिए लगे पिज्जा स्टॉल पर जाकर कहा, 'एक एक्स्ट्रा है क्या, भैया एक लेकर जाऊं प्लीज, पक्का ये एक्स्ट्रा है न...थैंक्यू यार...मैंने देखा यहां पर क्या पार्टी चल रही है...पिज्जा पार्टी'। इसके बाद एक्ट्रेस हाथ में पिज्जा थामें और अपना गाउन संभालते आगे बढ़ गईं। इसके बाद एक्ट्रेस का एक और वीडियो सामने आया, जिसमें वो इवेंट से बाहर आते नजर आईं। इस दौरान उन्होंने बताया कि आखिर उन्होंने वहां पिज्जा क्यों मांगा था। एक्ट्रेस ने पैपराजी से कहा, 'थैंक्यू आप सबने मेरे साथ शेयर किया, मुझे बहुत भूख लगी थी। थैंक्यू मेरी तरफ से...एक ट्रीट बाकी है मेरी तरफ से'। दोनों ही वीडियो काफी वायरल हो रहे हैं। एक्ट्रेस की क्यूनेस पर लोग फिदा हो रहे हैं और उन पर कमेंट सेक्शन में खूब प्यार लुटा रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# नए जेम्स बॉन्ड पर लग गई मुहर

**लॉस एंजिलिस।** जेम्स बॉन्ड को लेकर इंटरनेट पर चर्चाओं का बाजार गर्म है। कई मीडिया रिपोर्ट्स के दावों के मुताबिक एरोन टेलर-जॉनसन अगले जेम्स बॉन्ड के रूप में पर्दे पर नजर आएंगे। एक ब्रिटिश टैबलॉयड में छपी रिपोर्ट की मानें तो वे सबसे प्रतिष्ठित पात्रों में से एक जेम्स बॉन्ड के किरदार को निभाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करने से बस एक कदम दूर हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि टेलर-जॉनसन को औपचारिक रूप से इस किरदार को निभाने की पेशकश की गई है और आने वाले दिनों में वे इस अनुबंध पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। फिल्म जेम्स बॉन्ड के निर्माता ईओएन प्रोडक्शंस ने रिपोर्ट पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।



# 380 शब्द बोलने के लिए 127 करोड़ रुपए की फीस

**लॉस एंजिलिस।** 'जॉन विकः चैप्टर 4' के कलेक्शन ने तो बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया। कियानू ने इस फिल्म के लिए जो फीस चार्ज की, उसे तो सुनिए।'जॉन विकः चैप्टर 4' की सफलता के बीच, एक नई रिपोर्ट से पता चला है कि फिल्म में कियानू रीव्स ने 169 मिनट के पूरे समय में केवल 380 शब्द बोले। इसकी तुलना में, पहली फिल्म जो 101 मिनट लंबी थी, उसमें कियानू ने 484 शब्द बोले थे। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि कियानू ने फिल्म में जो सबसे लंबा शब्द बोला है, वह है, 'तुम और मैं बहुत समय पहले एक अच्छा जीवन पीछे छोड़ चुके हैं, मेरे दोस्त।' इसमें आगे बताया गया है कि एक्टर को फिल्म के लिए 15 मिलियन डॉलर का भारी भुगतान किया गया था, जो करीब 127.5 करोड़ रुपए हैं।



# लाल साड़ी और मांग में सिंदूर भरे दिखीं

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन की 'पुष्पाः द राइज' साल 2021 में आई थी, तो और तभी से फैंस इसके सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फैंस की एक्साइटमेंट तबसे और अधिक बढ़ गई जब साल 2023 में इसका टीजर रिलीज किया गया था। अब यह फिल्म 15 अगस्त 2024 को रिलीज होने वाली है और रश्मिका मंदाना ने शूटिंग भी शुरू कर दी है। हाल ही 'पुष्पा 2' के सेट पर रश्मिका मंदाना की एक तस्वीर सामने आई है, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। मंदाना को 'पुष्पा 2ः द रूल' के सेट पर लाल साड़ी पहने और मांग में सिंदूर भरे स्पॉट किया गया। उनका लुक देखकर लग रहा है कि वह पुष्पराज के साथ शादी का सीक्वेंस शूट कर रही थीं। मालूम हो कि पुष्पा 2 में रश्मिका मंदाना की पुष्पराज यानी अल्लू अर्जुन से शादी हो जाएगी।



# रणदीप का ट्रांसफॉर्मेशन देख शॉक्ड हुए फैंस

**मुंबई।** 'हाईवे', 'सुल्तान' और 'सरबजीत', जैसी कई फिल्मों में अपने अभिनय से इंडस्ट्री में धाक जमा चुके एक्टर रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी डायरेक्शन डेब्यू को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। एक्टर ने फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' में अभिनय के साथ-साथ डायरेक्शन भी किया है। इस फिल्म में वह स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की भूमिका निभा रहे हैं। इसी बीच हाल ही में रणदीप हुड्डा ने अपने सोशल मीडिया पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें उनका लुक लोगों को चौंका रहा है। सामने आई तस्वीर में आप रणदीप हुड्डा का ट्रांसफॉर्मेशन देख सकते हैं। किस तरह रणदीप हुड्डा ने वीर सावरकर के किरदार के लिए अपना वजन कम किया है। इस फोटो में रणदीप को पहचानना मुश्किल हो रहा है।

## टीवी मसाला



# 10 साल तक करते रहे ना-ना, अब पहली बार ठहाके लगाएंगे आमिर

**मुंबई।** जो 10 साल में कभी नहीं हुआ, जिसकी चर्चा 2013 से ही हर किसी की जुबान पर है, वह आखरिकार अब होने वाला है। कॉमेडियन कपिल शर्मा के शो में पहली बार सुपरस्टार आमिर खान मेहमान बनकर पहुंचने वाले हैं। जी हां, 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' से लेकर 'द कपिल शर्मा शो' तक में तमाम सुपरस्टार्स कई बार नजर आए, लेकिन आमिर खान ने इस शो से हमेशा दूरी बनाए रखी थी। लेकिन अब ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 30 मार्च से शुरू हो रहे 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में यह नजारा देखने को मिलेगा, जहां मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान, दिग्गज कपिल शर्मा, सुनील ग्रोवर और उनकी टीम के साथ जमकर हंसी ठठोली करते नजर आएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के पहले एपिसोड में ही आमिर खान मेहमान बनकर पहुंचने वाले हैं। शो से जुड़े एक सूत्र के हवाले से रिपोर्ट के कहा गया है, 'आमिर खान आज तक कभी भी कपिल शर्मा के शो में नहीं आए हैं। यह पहली बार होगा जब वह कपिल के साथ कॉमेडी के मंच पर होंगे।'

## तब्बू की फिल्म 'चांदनी बार' का बनेगा सीक्वल



**मुंबई।** तब्बू की सुपरहिट फिल्म 'चांदनी बार' का सीक्वल बन रहा है। इसके पहले पार्ट ने राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम किया था। इस फिल्म की कास्टिंग से लेकर प्री-प्रोडक्शन प्रक्रियाएं शुरू हो चुकी हैं। इसको अंतिम रूप देने के बाद इस साल के मध्य तक इस फिल्म का निर्माण शुरू हो जाएगा। मोहन आजाद ने 2001 की मूल फिल्म की पटकथा और संवाद लिखे थे। वह अब अगली कड़ी पर काम कर रहे हैं, यानी दूसरे पार्ट में भी उसी प्रकार का रोमांच और रियलिज्म देखने को मिल सकता है। फिल्म की रिलीज दिसंबर 2025 में तय की गई है। हालांकि, अभी तक किसी अभिनेता से आधिकारिक तौर पर संपर्क नहीं किया गया है, लेकिन अगली फिल्म में भूमिकाओं के लिए पहली फिल्म के कुछ कलाकारों पर विचार किया जा सकता है।

# सूर्या पर भारी पड़े कंजी आंखों वाले बॉबी



**मुंबई।** 'कंगुवा' का टीज़र आखिरकार रिलीज हो गया है। मंगलवार को, सूर्या ने अपने सोशल मीडिया पर अपनी आगामी रिलीज 'कंगुवा' का एक मिनट लंबा टीज़र शेयर किया, जिस पर फैंस ने शिवा के डायरेक्शन में बनी फिल्म पर रिएक्ट किया है। पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म का टीज़र इस कैप्शन के साथ शुरू हुआ कि 'कंगुवा वर्ल्ड के लिए खुद को तैयार रखें। यह उस जमीन की झलक देता है जहां हिंसा और खून-खराबा होता है।' सूर्या एक भयंकर योद्धा के रोल में खूंखार दिख रहे हैं, जो युद्ध के लिए सेना का नेतृत्व करता है। टीज़र में उनके लंबे बाल हैं और उनका लुक एकदम देहाती है। इसमें बॉबी देओल के कैरेक्टर की भी झलक दिख रही है, जो फिल्म में विलन बने हैं। सूर्या ने कंगुवा के टीज़र को शेयर करते हुए लिखा, 'दोस्तों #कंगुवा की एक झलक...!' फिल्म के रिलीज डेट की अभी घोषणा नहीं की गई है।

# नितेश की 'रामायण' को मिल गया लक्ष्मण

**मुंबई।** नितेश तिवारी की आनेवाली सबसे बड़ी फिल्म 'रामायण' पिछले काफी समय से चर्चा में है। यह फिल्म पिछले कुछ समय से अपनी स्टारकास्ट को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है। जहां रणबीर कपूर को फिल्म में भगवान राम का लीड रोल निभाने के लिए चुना गया है, वहीं साई पल्लवी सीता की भूमिका निभा रही हैं और यश रावण के रोल में नजर आएंगे। अब रिपोर्ट से पता चला है कि मेकर्स को आखिरकार अपना लक्ष्मण मिल गया है और यह कोई और नहीं बल्कि टीवी एक्टर रवि दुबे हैं। रवि एक टेलीविजन एक्टर और मेकर रहे हैं। उन्हें टेलीविजन शो 'जमाई राजा' से फेम मिला। रणबीर, साई और यश के अलावा, मेकर्स ने फिल्म में विभीषण की भूमिका निभाने के लिए हरमन बावेजा को भी शामिल कर लिया है। फिल्म अप्रैल में फ्लोर पर जाएगी और फिल्म सिटी में इसकी शूटिंग की जाएगी। हाल ही में एक मीडिया इंटरव्यू के दौरान, अरुण गोविल से रणबीर के भगवान राम का रोल प्ले करने पर सवाल किया गया था कि क्या एक्टर रामायण में अरुण गोविल की तुलना कर सकते हैं। अरुण गोविल ने कहा कि केवल समय ही यह बताएगा कि रणबीर अपने कैरेक्टर भगवान राम को शानदार तरीके से दिखा पाएंगे या नहीं।



# विक्की नहीं बल्कि शाहिद बनेंगे 'अश्वत्थामा'



मुंबई। शाहिद कपूर आखिरी बार फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में नजर आए थे। इस रोम-कॉम ड्रामा में शाहिद ने कृति सेनन के साथ बड़े पर्दे पर रोमांस फरमाया था। इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 100 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया है। वहीं इस फिल्म के बाद अब एक्टर एक और बड़ी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसमें पहले विक्की कौशल दिखाई देने वाले थे। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं वो है 'अश्वत्थामा।' जी हां, हाल ही में शाहिद कपूर ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी नई फिल्म 'अश्वत्थामा' का ऐलान किया है। इसमें वह गुरु द्रोणाचार्य के पुत्र 'अश्वत्थामा' का किरदार निभाते नजर आएंगे। हालांकि शाहिद से पहले इस किरदार को विक्की कौशल निभाने वाले थे।

# 'फेमिना ब्यूटीफुल इंडियंस 2024' अवॉर्ड में माधुरी ने लूटी महफिल

**मुंबई।** 'फेमिना ब्यूटीफुल इंडियंस 2024' अवॉर्ड नाईट का आयोजन मंगलवार शाम मुंबई में किया गया। यह पुरस्कार उन भारतीय को दिया जाता है जो किसी न किसी तरह से देशहित के लिए कुछ कर रहे हैं। आइए आपको बताते हैं कि इस मौके पर बॉलीवुड के कौन-कौन से सितारे नजर आए और किसके हिस्से में 'फेमिना ब्यूटीफुल इंडियंस 2024' की ट्रॉफी आई...



### माधुरी दीक्षित

*बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित 'फेमिना ब्यूटीफुल इंडियंस 2024' में पहुंचीं। माधुरी बॉल-गाउन में बेहद हसीन लग रही थीं। उन्होंने अपने लुक को पूरा करने के लिए बालों का हाई बन बनाया हुआ था। वहीं माधुरी दीक्षित को 'सेंसेशनल सुपर स्टार' की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।*



### तमन्ना ने जीता खिताब

मशहूर फैशन डिजायनर मनीष मल्होत्रा को 'फैशन विजनरी' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं तमन्ना भाटिया को 'स्टार इन द स्पॉट-लाइट' के लिए 'फेमिना ब्यूटीफुल इंडियंस 2024' की ट्रॉफी मिली। इस मौके पर तमन्ना बेहद खुश नजर आईं।



### बॉबी देओल 'मोस्ट लव्ड स्टार

अभिनेता बॉबी देओल को 'मोस्ट लव्ड स्टार' की ट्रॉफी मिली और कार्तिक आर्यन को 'स्टैंड आउट परफॉर्मर ऑफ द ईयर' के लिए 'फेमिना ब्यूटीफुल इंडियंस 2024' की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

### टाइगर श्रॉफ बने युथ आइकन

'फेमिना ब्यूटीफुल इंडियंस 2024' में टाइगर श्रॉफ को 'युथ आइकन' की ट्रॉफी मिली। साथ ही साथ अनन्या पांडे को 'स्टैंड आउट परफॉर्मर ऑफ द ईयर फीमेल' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



## खबर संक्षेप

### सीएमएचओ का बिंजकोट स्वास्थ्य केंद्र में निरीक्षण

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बीके चंद्रवंशी ने मंगलवार को पुसौर विकासखण्ड के प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केंद्र बिंजकोट का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वस्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। बताया जाता है कि निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. चंद्रवंशी द्वारा अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया की क्षेत्र के सभी गर्भवती महिलाओं का पंजीयन व जांच समय पर हो व हाई रिस्क वाली महिलाओं का हर 15 दिवस मे फ़ॉलोअप जांच किया जावे। साथ ही 40 वर्ष तक के सभी नागरिकों का सिकल सेल टेस्ट एवं क्षेत्र के सभी आमजनों का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों को निर्देशित किया। उन्होंने स्टाफ को निर्धारित यूनिफॉर्म में रहने एवं मुख्यालय में रहकर आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने के निर्देश दिए।

### छोटे कोसीर में मतदाता जागरूकता अभियान

**सारंगढ़।** समाज कल्याण विभाग एवं जनपद पंचायत सारंगढ़ के समन्वय से मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत स्थानीय जनपद पंचायत सारंगढ़ के ग्राम पंचायत ठाकुरदिया के आश्रित ग्राम कोसीर छोटे में आयोजन किया गया। इस अभियान में वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों के लिए लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी निर्वाचन के समय शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करते हुए शपथ संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर 70 से अधिक वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग सहित ग्राम वासी उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में समाज शिक्षा संगठक सुरेश कुमार राठिया, सचिव ग्राम पंचायत गजानन पटेल, समाज कल्याण तकनीकी सहायक आनंद रात्रे सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### छोटे झाड़ के जंगल पर अवैध अतिक्रमण

**कोतरी।** ग्राम कोतरी में सड़क से लगे छोटे झाड़ के जंगल की जमीन पर अवैध अतिक्रमण कर दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। इस अवैध अतिक्रमण की शिकायत सारंगढ़ एसडीएम से करते हुए स्थानीय पत्रकार गौतम बंजारे ने कार्रवाई की मांग की है। कलेक्टर व एसडीएम को सौंपे आवेदन में उल्लेखित है कि सड़क के दोनों ओर की भूमि खसरा नंबर 501/1 रकबा 3.9220 व खसरा नंबर 426 रकबा 0.5870 हेक्टेयर की भूमि रिकार्ड में छोटे झाड़ के जंगल के तौर पर दर्ज है जिसपर बगैर अनुमति व्यवसायिक कब्जा कर दुकानें बनाई जा रही है।

### अमलीभौना के बाशिंदों को नहीं मिल रहा पीएम आवास

**रायगढ़।** ग्राम पंचायत से नगर निगम में शामिल हुए अमलीभौना के लोग हर अधूरी सुविधा के लिए निगम को टैक्स तो दे रहे हैं लेकिन उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। शासन की ऐसी ही एक लाभार्थी योजना पीएम आवास से वंचित दर्जनों नागरिक बुधवार को कलेक्टर से आवेदन करन पंहुचे थे। अमलीभौना के लोगों ने बताया कि वे कई पीढियों से गांव में ही गुजर बसर करते आ रहे हैं लेकिन उन्हे आवास का पट्टा अब तक नहीं मिल सका है।

## जनता के धैर्य की परीक्षा ले रहीं खस्ताहाल सड़कें, बढ रहा आक्रोश

# पूंजीपथरा में दस घंटे तक लगा रहा जाम, हर रोज परेशान हो रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रदेश में एक चुनाव ख़त्म हो चुका और दूसरे इलेक्शन की तैयारी है। इस बीच तीन माह पहले हुए चुनाव में सड़क को राजनैतिक मुद्दा बनाकर मौका मिलते ही तत्काल खस्ताहाल सड़कों के उद्धार की कवायद शुरु करने का दम भरने वाले नेता भी जनता की बेचारगी और भावनाओं को भुनाकर सत्ताधीश हो गए लेकिन मतलबपरस्त राजनीति का शिकार आम नागरिक अभी भी आवागमन से जुडी एक महत्वपूर्ण समस्या से जूझ रहा है। परिस्थितियों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानों जर्जर सड़कें रायगढ़ के नागरिकों के धैर्य की परीक्षा ले रहीं हैं। लेकिन जन समस्याओं और जनता के उम्मीद की अनदेखी कर विकास का खाका खींचने धडाधड हो रही औद्योगिक विस्तार की कार्रवाई देख आम जनता का मौन आक्रोश अब ज्वालामुखी बन फटे पड़ने की कगार पर आ पंहुचा है।

गौरतलब है कि कोयला समेत अन्य खनिज बाहुल्य रायगढ़ जिले में सैकड़ों की संख्या में उद्योग संचालित हैं और औद्योगिक इकाईयों का तेजी से विकास एवं विस्तार भी हो रहा है। किंतु जिस गति से रायगढ़ की सडकों पर भारी वाहन बढ़े हैं उस तेजी से सडकों का निर्माण वन विस्तार नहीं हो सका है। रायगढ पूंजीपथरा मार्ग इसका जीवंत उदाहरण है। इस मार्ग पर सड़क की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। धूल और प्रदूषण भरे जर्जर मार्ग पर दुर्घटना के भय के साथ सत्ता और शासन को कोसते हजारों लोग इस रास्ते से गुजरते हैं। यह मार्ग कई बार सियासी नूराकुश्ती का अखाडा भी बन चुका है लेकिन मार्ग की तकदीर बदलने के लक्षण कहीं भी नजर नहीं आते। ये और बात है कि इस सडक मार्ग के हालत की दुहाई देकर इस बार एक साहब ने बाजी मार ली। सरकार मंत्री और नगर विधायक ओपी चौधरी ने चुनाव में सडकों को अपनी प्राथमिकता बताया था और चुनाव के बाद अब तक सडकों की हालत में कोई परिवर्तन नहीं होना और रोजाना चार से छ घंटे का जाम झेलना जनता की नाउम्मीदी और बेचैनी बढा रहा है।



### कहां खर्च हो रहे सीएसआर के 760 करोड़

एकतरफ जिले में अंधाधुंध औद्योगिक विस्तार और बढ़ता राजकोष किंतु दूसरी तरफ उम्दा सडक और प्रदूषण मुक्त पर्यावरण के अपने अधिकार से वंचित रायगढ वासियों का सवाल है कि जब सीएसआर मद से सालाना 760 करोड़ रुपए मिल रहे हैं तो फिर उस राशि का उपयोग प्राथमिकता के क्रम में उद्योग प्रभावित क्षेत्र के विकास में क्यों नहीं हो रहा। रायगढ से होने वाली आय से पूरे प्रदेश में विकास के काम और योजनाएं तय हो रही हैं लेकिन यहां के नागरिक अपने हक तो दूर जरुरतों से भी वंचित हो रहे। यदि सरकार और प्रशासन इसी ढर्रे पर चलते रहे और रायगढ के आम नागरिक मूलभूत की मूलभूत जरुरतों की अनदेखी चलती रही तो वह दिन दूर नहीं जब जनता अपने मौलिक अधिकारों के लिए भी सडक पर उतरकर उग्र तेवर दिखाते हुए सियासी चूलें हिलाने को मजबूर होगी सियासी इरादे और रहनुमाओं के वादों से निराशा जनता के सब्र का बांध अब कभी भी टूट सकता है।

### लगा दस घंटे का जाम

मंगलवार को भी इस मार्ग पर करीब दस घंटे तक जाम लगा रहा। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की फटकार के बाद पिछली सरकार ने तीन सड़कों के निर्माण की स्वीकृति दी। बड़ी इसमें से एक रोड पूंजीपथरा से मिलूपाराए तमनार की है। लोक निर्माण विभाग को 26 किमी रोड के लिए 62 करोड़ की स्वीकृति मिली थी। इसका ठेका बिलो में शाति इंजीकॉन कोरबा को दिया गया था। जानकारी के मुताबिक़ करीब 59 करोड़ में रोड का निर्माण ठेका कंपनी, को करना है। 2024 में काम पूरा होना है लेकिन ठेका कंपनी ने आधा काम भी नहीं किया। इसका खामियाजा आसपास के सारे गांवों के लोग भुगत रहे हैं। मंगलवार को इस रोड पर दस घंटे तक जाम लगा रहा। भारी वाहनों की रेलमपेल के कारण छोटी गाड़ियां और यात्री बसें भी फंसी रहीं। हैरानी की बात यह है कि इस परेशानी की ओर न तो जिला प्रशासन ध्यान दे रहा है और न ही पुलिस विभाग। रोड के निर्माण में लापरवाही के भी आरोप लगते रहे हैं।



बरमकेला में एसडीएम जांच के दौरान खुला था प्रकरण

# सामूहिक नकल कराने के आरोपी 9 शिक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सारंगढ़ में ओपन स्कूल के हिन्दी विषय की परीक्षा में सामूहिक नकल के मामले में 9 शिक्षकों को निलंबित किया गया है एसडीएम के जांच प्रतिवेदन के आधार पर डीपीआई द्वारा की गई कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

सामूहिक नकल प्रकरण पर जिन शिक्षकों को निलंबित किया गया है, उनमें दयासागर प्रधान, व्याख्याता, शाउमावि सांकरा, अंजली सिदार, सहायक शिक्षक एलबी प्रा शा कनकीडीपा, लोकनाथ साहू सहायक शिक्षक, एलबी प्राशा भंवरपुर, युवधेश पटेल, सहायक शिक्षक एलबी प्राशा बुन्देली, हेमंत पटेल, शिक्षक, पूर्व माध्यमिक शाला, बरमकेला, दिलीप सिदार, सहायक शिक्षक एलबी प्राशा हास्टलपारा बरमकेला, श्यामा सिदार, प्रधान पाठक प्राशा पुरैना, गिरधारी पटेल, सहायक शिक्षक विज्ञान, शाकउमावि बरमकेला और चन्द्रशेखर वैष्णव व्याख्याता शाकउमावि बरमकेला शामिल हैं।

परीक्षा केन्द्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरमकेला में ओपन स्कूल की कक्षा 12वीं की हिन्दी विषय की परीक्षा के दौरान निरीक्षण में पाया कि सभी कमरों में सामूहिक नकल चल रही थी। विद्यार्थियों के पास नकल सामग्री मौजूद थी। सारंगढ़ बिलाईगढ़ एसडीएम वासु जैन के निरीक्षण प्रतिवेदन के अनुसार, केन्द्राध्यक्ष एवं आठ पर्यवेक्षक सामूहिक नकल में संलिप्त पाए गए हैं। परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों के नियमों के विपरित कृत्य को देखते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में निलंबित कर्मचारियों का मुख्यालय रायगढ़ जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय नियत किया गया है।

# जनचौपाल के आवेदनों का त्वरित करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़




कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने समय सीमा की बैठक में आनलाइन पोर्टलों में लंबित आवेदनों के निराकरण की स्थिति की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने जनशिकायत एवं जनचौपाल में आए प्रत्येक आवेदन की जाँच कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को कहा कि चिन्हित प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करें। साथ ही लंबित आवेदनों का स्थाई निराकरण सुनिश्चित करें ताकि बार-बार उन्हें आवेदन ना करना पड़े। इसके पश्चात कलेक्टर ने जिले के सभी विभागों के लिए आनलाइन आईडी हेतु ई.डिस्ट्रिक मैनेजर को निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिले में नशीले पदार्थों की बिक्री संबंधी समस्याओं पर आबाकारी विभाग के अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा पशुधन विकास विभाग के अधिकारी को कृत्रिम गर्भाधान विभाग के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने को कहा। इसके पश्चात कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राज्य राजमार्ग के सड़कों की वर्तमान स्थितिए मरम्मत एवं प्रस्तावित कार्यों के विवरण की जानकारी ली एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आधार कार्ड ई.केवाईसी, ग्रीष्मकालीन कृषि की जानकारी, व्यवस्थापन एवं आबंटन, खाद एवं बीज भण्डारण, मिट्टी नमूना संग्रहण, शौचालय निर्माण, निराश्रित पेंशन, सारबिला अकादमी, दिव्यांग पेंशन, मध्याहन भोजन, अनाज भंडारण, मनरेगा, भू.अर्जन सहित अन्य विषयों पर जानकारी ली एवं

### 27 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** एसपी के निर्देश पर अवैध शराब की धरपकड़ के क्रम में ग्राम पंडरीपानी में भूपदेवपुर पुलिस की टीम द्वारा योगेश कुमार साहू द्वारा किराना दुकान के सामने अवैध रूप शराब बिक्री करने की सूचना पर थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक राम किंकर यादव के निर्देशन पर प्रधान आरक्षक शंभू पांडेय के हमराह पुलिस टीम द्वारा दबिश दी गई। जहां दुकान के सामने आम रोड में आरोपी योगेश कुमार साहू पिता मदन लाल साहू उम्र 40 वर्ष साकिन अमलीडीपा पण्डरीपानी थाना भूपदेवपुर' को अवैध बिक्री के लिए शराब रखे पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से कुल 27 लीटर महुआ शराब 2700 तथा शराब बनाने के पात्र गंज, पाइप कीमती 1500 रुपए की जप्ती की गई है। पिछले दो दिनों में भूपदेवपुर पुलिस ने 35 लीटर अवैध महुआ शराब की जप्ती कर कार्रवाई किया गया है। शराब रेड कार्रवाई में प्रधान आरक्षक शंभू पांडेय, आरक्षक बोधराम सिदार, विजय कुमार पटेल, महिला आरक्षक गौरी सिदार शामिल थे।

# बैंक के सामने उठाईगिरी, बाइक की डिक्की से उडाए 20 हजार




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बुधवार की दोपहर एक किसान उठाईगिरी का शिकार हो गया। बाईक की डिक्की में बीस हजार रूपए उसने डाले ही थे कि मौका पाते ही अज्ञात आरोपी ने उसे पार कर दिया। घटना के बाद मामले की सूचना थाना में दी गई। जिसके बाद पुलिस आगे की जांच में जूट गई है। जल्द ही आरोपी को पकड़ लिए जाने की बात कही जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को घरघोड़ा में बाजार लगा हुआ था। हर बार की तरह चहल पहल थी। वहीं दोपहर करीब डेढ़ बजे के करीब ग्राम बैहामुड़ा में रहने वाला मोहित राम राठिया सेंट्रल बैंक के सामने उठाईगिरी का शिकार हो गया। बताया जा रहा है कि जैसे ही उसने अपनी बाईक की डिक्की में करीब बीस हजार रूपए रखा। तभी मौका पाते ही अज्ञात आरोपी ने उसे पार कर दिया। जब मामले की जानकारी उसे लगी तो तत्काल उसने घटना की सूचना थाना में दी। जहां पुलिस मामले की जांच में जूट गई है। इस मामले में घरघोड़ा थाना प्रभारी अमित तिवारी ने बताया कि सेंट्रल बैंक के सामने की घटना है। धान का करीब बीस हजार रूपए लेकर उसे किसान ने डिक्की में रखा था कि किसी ने पार कर दिया। आसपास के सीसीटीव्ही फूटेज खंखाले जा रहे हैं। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### रिटायर कर्मचारी की जेब से उठाए 20 हजार

शहर के रुक्मणि विहार कॉलोनी में दीवार फांदकर एक चोर ने सेवानिवृत्त बाबू की पैंट की जेब से करीब साढ़े 30 हजार रुपए को पार कर दिया। कॉलोनी के अहाते में खाली पैंट को छोड़कर भागने वाला मुल्जिम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। कोतवाली पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक तहसील कार्यालय के रिटायर्ड क्लर्क कन्हैया लाल पटेल आत्मज स्व. टीकाराम पटेल 64 साल कोतरा रोड स्थित रुक्मणि विहार कॉलोनी में सपरिवार रहते हैं। सोमवार रात बिलासपुर से घर लौटने वाले कन्हैया खाना खाकर अपने कपड़ों को हैंगर में लटकाते हुए खिड़की खुला कर सो गए। सुबह उठने पर कन्हैया अपने कपड़े को कमरे से गायब देख आवक रह गएए क्योंकि उन्होंने पैंट की जेब में 30 हजार 410 रुपए जो रखे थे। कन्हैया ने पूरा घर छान मारा, मगर न पैंट दिखा न रुपए। ऐसे में कन्हैया ने अपने घर मे सुरक्षा के लिहाज से लगाए सीसीटीवी कैमरे का फुटेज चेक किया तो तड़के 4 बजे एक अज्ञात शख्स कॉलोनी की दीवार फांदकर भीतर दाखिल होते और कुछ देर में बाहर निकलते कैद मिला। इस बीच पटेल परिवार को भनक लगी कि रुक्मणि विहार कॉलोनी के बाउंड्रीवॉल में एक पैंट लावारिस हालत में है। कन्हैया ने कॉलोनी बाहर जाकर पैंट की तलाशी ली तो वह खाली मिली। कन्हैया लाल पटेल की माने तो कॉलोनी की दीवार फांदकर उसके घर के बाहर पहुंचे चोर ने खिड़की को खुली देख डंडे से पैंट खींचते हुए वारदात को अंजाम दिया है। फिलहाल सेवानिवृत्त कर्मचारी की रिपोर्ट पर घटना स्थल का जायजा लेने वाली कोतवाली पुलिस भादंवि की धारा 457, 380 के तहत मुकदमा पंजीबद्ध करते हुए सीसीटीवी फुटेज में कैद चोर की सरगर्मी से खोजबीन कर रही है।

# भूपेश बघेल की दावेदारी कमजोर करने फर्जी एफआईआरः शुक्ला

**खास बात**

- कांग्रेस भवन में पत्रकार वार्ता

**रायगढ़।** स्टेट बैंक के द्वारा सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद बीजेपी को बांड की शक्ल में करोड़ो का चंदा देने वाली फर्मो और उद्योगों का नाम सावर्जनिक होने के उपरांत पीसीसी के निर्देश पर जिला कांग्रेस भवन में बुधवार को एक प्रेसवार्ता आयोजित कर पार्टी अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने इसे भाजपा का भ्रष्टाचार बताते हुए भाजपा की मान्यता रद्द करने की मांग उठाई।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए अनिल शुक्ला ने कहा कि बीजेपी सरकारी एजेसिंयों का दुरपयोग कर लोगों का भयभीत करते हुए छापेमारी के बूते पार्टी के लिए चंदा इकट्ठा कर रही है वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर फर्जी एफआईआर कर उनकी लोकसभा के दावेदारी को कमजोर करने का षडयंत्र किया जा रहा है। प्रेसवार्ता में कांग्रेस अध्यक्ष ने बीजेपी को मोटा चंदा देने वाली सैकड़ों कंपनियों के नाम सावर्जनिक करते हुए उनके साथ सरकारी जांच एर्जेसियों की हुई नाटकीय कार्रवाई का भी जिक्र किया। कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने कहा कि इलेक्ट्रोरल बांड भाजपा के भ्रष्टाचार का नमूना है और इस पर बहुत पहले न्यायिक आपत्ति होने के बावजूद बीजेपी ने फंड जुटाने के लिए बांड का सहारा लिया तथा ईडी और सीबीआई को आगे कर कहीं ठेके बांटने तो कहीं करोड़ों के प्रोजेक्ट देने के नाम पर बड़ी कंपनियों से हजारों करोड़ रुपए पार्टी फंड में जमा कराए। वहीं सीएम भूपेश बघेल पर ईओडब्लू के द्वारा की गई एफआईआर पर बोलते हुए अनिल शुक्ला ने कहा कि सट्टा एप पर सबसे पहले कांग्रेस सरकार ने कार्रवाई शुरु की गई थी और ईडी तथा ईओडब्लू के पास पूर्व मुख्यमंत्री की संलिप्तता से जुड़ा कोई भी साक्ष्य मौजूद नहीं है। उनकी रिपोर्ट में भी सीएम पर कोई भी आरोप प्रमाणित नहीं हुआ है। जिसका सीधा अर्थ है कि बघेल पर पूरा षडयंत्र उनकी लोकसभा की उम्मीदवारी को कमजोर करने के लिए किया जा रहा है, लेकिन कांग्रेस केंद सरकार के किसी भी हथकंडे से भयभीत अथवा हतोत्साहित नहीं है और लोकसभा चुनाव में बड़े अंतर से जनता भाजपा को सबक जरुर सिखाएगी। इस प्रेसवार्ता में महापौर जानकी काटजू, पूर्व अध्यक्ष दीपक पांडेय, पीसीसी प्रवक्ता हरेराम तिवारी, संजय देवांगन, शाखा यादव, विकास ठेठवार, रिंकी पांडेय, विनोद कपूर प्रमुख रुप से मौजूद थे।



### दंपती ने किया अग्नि स्नान, पत्नी की मौत

**रायगढ़।** आपसी विवाद में पत्नी ने अपने शरीर पर पेट्रोल उड़ेलते हुए आग लगाकर अपनी जान गंवा दी। वहीं, गुस्से में आत्मदाह करने वाले पति की हालत गंभीर है। यह घटना तमनार थाना क्षेत्र की है। ग्राम कुंजेमुरा में रहने वाला नरेंद्र निषाद रोजी मजदूरी करते हुए घर में अपनी 30 वर्षीया पत्नी सुनीता के लिए गोली चॉकलेट की दुकान खोल रखा था। 14 बरस पहले सुनीता से शादी करने वाले नरेंद्र का 1 बेटा और 2 मासूम बेटियां भी हैं। बीते शनिवार रात लगभग 10 बजे आपसी बात को लेकर निषाद दम्पत्ति के बीच कहासुनी हो गई। आरोप प्रत्यारोप का दौर छिड़ने पर विवाद गहराया तो गुस्से से तमतमाई सुनीता ने आव देखा न ताव और दुकान में बिक्री के लिए रखे पेट्रोल को अपने शरीर में उड़ेलते हुए आग लगा लिया।

# टाईल्स कारीगर की संदेहास्पद मौत, हत्या की आशंका

**रायगढ़।** भूपदेवपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरा जैमुरा में 25 वर्षीय युवक की संदेहास्पद परिस्थितियों में शव मिलने से सनसनी फैल गई है। हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस और डॉग स्क्वायड मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक मृतक प्रभात कुमार पिता जागो दास मूल निवासी बेगुसराय हाल मुकाम दुर्गा चौक जूटमिल जो कि ठेकेदार दिनेश दास के साथ टाईल्स लगाने का काम कर रहा था। दो दिन पूर्व काम के बाद प्रभात शराब पीने निकला था और वापस नहीं लौटा। अगले दिन उसकी लाश मिलने की जानकारी प्रभात के ही साथियों ने ठेकेदार को दी। सूचना मिलने के बाद भूपदेवपुर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। बताया जा रहा है कि युवक के शव पर चोट के निशान मिले हैं और कुछ दूर तक खून के निशान भी मौजूद पाए गए हैं। इसलिए पुलिस इसे हत्या का मामला मानकर पड़ताल कर रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर संदिग्धों से पूछताछ शुरु कर दी गई है।



# रात में बाड़ी की रखवाली करने निकले किसान की जघन्य हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रात में बाड़ी की रखवाली करने निकले एक किसान की अज्ञात शख्स द्वारा हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। यह वारदात लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। अंधेकत्ल की अनसुलझी गुत्थी को सुलझाने के लिए संदेहियों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

थाना प्रभारी राजेश जांगड़े ने बताया कि लैलूंगा से तकरीबन 20 किलोमीटर दूर ग्राम कमरगा में मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब लातूराम चौहान के घर के बरामदे में गांव का ही अमर साय चौहान पिता शगुन साय 48 वर्ष जख्मी हालत में बेसुध पड़ा मिला। काफी देर बाद भी अमर के शरीर में कोई हलचल नहीं होते देख ग्रामीणों ने मौके की नजाकत को भांप इसकी सूचना थाने में दी। कुछ ही देर में पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर जायजा लिया तो अमर साय मृत निकला। हालांकि नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने पर चिकित्सकों ने प्रारंभिक परीक्षण में ही उसे मृत घोषित भी कर दिया। यही नहीं, शार्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलासा यह भी हुआ कि किसी ने लात घूंसे से पिटाई के बाद किसी मजबूत चीज से सिर में चोट लगने से अमर की हत्या हुई है। कत्ल की पुष्टि होते ही हरकत में आई पुलिस ने हत्प्राण के परिजनों से पूछताछ की तो पता चला कि अमर खेती किसानी का काम करता था।







